@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Sunday, 02 November 2025 | PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020| Vol 1 | Issue No.- 58| Pages 04 | `3.00

# Rajasthan to Host 'Pravasi Rajasthani Divas' on December 10 to Strengthen Global Connections

FAIR REPORT

**Jaipur:** Chief Minister Bhajanlal Sharma chaired a high-level review meeting at the Chief Minister's Office regarding the upcoming Pravasi Rajasthani Divas, to be held on December 10. The event aims to honor the contributions of overseas Rajasthanis and to reinforce their emotional, cultural, and economic connection with their home state.

During the meeting, the Chief Minister emphasized that the celebration would serve as a vital platform for global engagement, bringing together members of the Rajasthani diaspora from across the world. He said the initiative reflects the state government's commitment to recognizing the achievements of non-resident Rajasthanis while inviting their active participation in the state's development journey.

CM Sharma highlighted that the event will feature sectoral sessions focused on identifying investment opportunities across key sectors such as industry, tourism, renewable energy, information technology, education, and agriculture. He directed officials to ensure the participation of experts, entrepreneurs, and professionals from respective sectors to create meaningful dialogue and explore potential collaborations.

He added that Rajasthan, with its rich cultural legacy and rapidly expanding economic landscape, offers vast potential for global investors and diaspora members looking to contribute to the state's growth. The government aims to make the Pravasi Rajasthani Divas a recurring annual event to deepen engagement and attract investments from the international Rajasthani community.

Officials noted that preparations are in full swing, with efforts underway to ensure seamless coordination between government departments, industry bodies, and diaspora organizations. The Chief Minister concluded by stating that the event will not only celebrate the spirit of Rajasthan but also mark a new era of partnership between the state and its global ambassadors.




## Rajasthan Strengthens Cooperative Movement under CM Bhajanlal Sharma's Leadership

Under the dynamic leadership of Chief Minister Bhajanlal Sharma, the Rajasthan government continues to advance the vision of "Sahkar Se Samriddhi" (Prosperity through Cooperation), positioning the state among the frontrunners in India's cooperative movement. With a firm commitment to strengthening the cooperative network at the grassroots level, the government aims to ensure that the benefits of development reach every citizen through collective participation. As part of this mission, the state successfully organized a large-scale 'Sahkar Membership Campaign' in the month of October, marking a significant milestone in expanding cooperative engagement. The campaign proved to be a crucial step in revitalizing Rajasthan's cooperative movement, generating strong participation and awareness across districts. According to official reports, the campaign saw the successful organization of camps at nearly 8,500 Primary Agricultural Credit Societies (PACS) across the state. During these camps, five major types of cooperative activities were conducted — each designed to promote membership drives, financial inclusion, and community participation in cooperative ventures. The outcomes were described as "encouraging and result-oriented," reflecting the growing public trust in cooperative institutions.

## Countdown Begins for ISRO's Heaviest Military Communication Satellite CMS-03



FAIR REPORT

The countdown has officially begun for the launch of the Indian Space Research Organisation's (ISRO) heaviest communication satellite, CMS-03, a mission that marks another milestone in India's space and defense capabilities. Scheduled for launch this November, the satellite will significantly enhance secure communication services for the Indian Armed Forces, bolstering the country's strategic and surveillance infrastructure.

CMS-03 will be launched aboard the GSLV Mk III (Geosynchronous Satellite Launch Vehicle), ISRO's most powerful rocket, from the Satish Dhawan Space Centre in Sriharikota. With a launch mass exceeding 5,000 kilograms, the satellite is designed to provide advanced, encrypted, and high-capacity communication links across land, air, and sea domains. According to ISRO officials, CMS-03 will ensure seamless connectivity for defense networks, especially in remote and border regions, supporting command, control, and coordination among military units. It also promises to enhance India's preparedness for real-time data relay and secure operations under complex conditions.

This mission underscores ISRO's growing role in strengthening India's national security framework while advancing indigenous space technology. As the countdown proceeds, the nation awaits another proud moment in its journey towards self-reliance in strategic communication and space defense.

## Indian Army Chief's Powerful Statement on Global Uncertainty and Future Warfare

FAIR REPORT




**New Delhi:** a striking and candid statement, the Indian Army Chief today warned of rapidly evolving global security dynamics, stressing that "future challenges are coming fast" and that nations must be prepared for unpredictability on every front. Speaking at a strategic defense forum in New Delhi, the Army Chief highlighted that the world is entering an era where conventional boundaries of war are blurring — with threats emerging simultaneously from space, cyber, land, air, and sea.

Drawing attention to the volatile international environment, he remarked with sharp wit, "Even Trump doesn't know what he'll do tomorrow," symbolizing the unpredictability of modern geopolitics and leadership. The comment sparked widespread discussion among defense analysts, who view it as a reminder of the uncertain global order where decisions by major powers can reshape the balance overnight. He emphasized that India's armed forces are rapidly modernizing to tackle multi-dimensional threats — from cyber warfare and drone attacks to information manipulation and satellite defense. The Chief reiterated the importance of joint preparedness among all three wings of the military, technological innovation, and stronger international partnerships. "We must be ready on all fronts," he said, underscoring India's commitment to national security and strategic readiness in a world where the next crisis could unfold without warning. His address was both a warning and a call to action — urging policymakers, scientists, and soldiers alike to prepare for a future that refuses to wait.

# Chittorgarh Hosts State Kabaddi for Blind

FAIR REPORT

**Chittorgarh :** For the first time, Chittorgarh will host a State-Level Kabaddi Tournament for visually impaired students aimed at providing them a platform to showcase their sporting talents and to promote their inclusion in the mainstream of society. The historic event will be held on November 9 and 10, 2025, at Shaheed Major Natwar Singh Shaktawat Government Senior Secondary School, Shastri Nagar, Chittorgarh. The tournament is being organized under the guidance of Samagra Shiksha Chittorgarh, in collaboration with the Drishtiheen Kreeda Parishad (Ajmer) and Chittorgarh Victor Round Table 361 (CVRT 361). Organizing Secretary Lakshmi Lal Swarnkar (Joint Secretary, Drishtiheen Kreeda Parishad Ajmer) said the event aims to integrate visually impaired students into mainstream society, raise awareness about their rights and abilities, and encourage a more inclusive mindset.



Organizing Committee President Himanshu Samdani (President, CVRT 361) and Babulal Vasita (President, Drishtiheen Kreeda Parishad Ajmer) informed that teams from various districts of Rajasthan — including Udaipur, Ajmer, Bikaner, Jodhpur, and Jaipur — will participate in the competition.

According to Jitural Jat, Secretary of the Sports Council, the winning teams will receive cash prizes, trophies, and certificates. The organizing committee will also provide food and accommodation for all participants. he organizing team includes Chief Patron Pramod Kumar Dashora (Additional District Project Coordinator, Samagra Shiksha Chittorgarh), Patrons Raunak Jain and Deepak Pagaria (State Officers, Round Table India), and Coordinator Hemendra Kumar Soni (CwSN Nodal Person). To ensure the event's success, Anuj Inani (Former President, CVRT 361), Rishabh Sisodia (Vice President), Aniket Jhanwar (Secretary), Raunak Inani (Treasurer), and Lalchand Rawat along with several members will handle different responsibilities.

# Indo-Pacific Must Remain Free from Coercion, Says Defence Minister Rajnath Singh

FAIR REPORT

**New Delhi:** Defence Minister Rajnath Singh on Friday reaffirmed India's steadfast commitment to ensuring that the Indo-Pacific region remains free, open, and free from any form of coercion, asserting that peace and stability in the region are crucial for global prosperity.




Speaking at a high-level defence dialogue in New Delhi, Singh emphasized that the Indo-Pacific has emerged as the "engine of global growth," but warned that increasing military assertiveness and strategic rivalries pose serious challenges to regional harmony. "The Indo-Pacific must remain free from coercion and hegemonic designs. Nations must respect international law, sovereignty, and the freedom of navigation," he said, in what was seen as a veiled reference to China's growing influence in the region.

The Defence Minister highlighted India's vision of 'Security and Growth for All in the Region' (SAGAR), which focuses on cooperative security, maritime stability, and sustainable development. He reiterated that India's partnerships with like-minded countries—including members of the Quad—are aimed at promoting transparency, trust, and shared prosperity, not confrontation. Rajnath Singh also underlined India's expanding role as a reliable partner in humanitarian assistance, disaster relief, and maritime domain awareness. "Our goal is not dominance but peaceful coexistence," he added. Analysts view Singh's remarks as a strong reaffirmation of India's strategic autonomy and its balanced approach to countering coercive practices while preserving freedom of navigation and regional sovereignty in the Indo-Pacific.

समिति के सदस्य डिप्टी मेयर के रूम में बैठे रहे: कोरम पूरा करने के लिए करते रहे फोन, दो-तीन दिन पहले ही एजेंडा भिजवाया था

# इंतजार करती रही मेयर, डिप्टी मेयर समेत कई पार्षद दिखे नाराज

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

जयपुर नगर निगम बोर्ड की आखिरी कार्यकारी समिति (ईसी) की बैठक में शनिवार को राजनैतिक ड्रामा देखने को मिला। शॉर्ट नोटिस (कम समय में दी गई सूचना) पर बुलाई इस बैठक में मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर, बैठक में मौजूद करीब 13 समिति सदस्य और अधिकारी ईसी हॉल में 2 घंटे तक कोरम पूरा होने का इंतजार करते रहे। इधर ईसी के कई सदस्य डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत के चैम्बर में बैठे रहे। दो घंटे तक बार-बार फोन करने के बाद पांच अन्य सदस्य और बैठक में पहुंचे तो बैठक शुरू हुई, जो 1.30 घंटे में खत्म हो गई। दरअसल, मेयर ने ये बैठक बुलाने के लिए दो से तीन दिन पहले ही नोटिस जारी किया और एजेंडा सदस्यों को भिजवाया। इसे लेकर डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत समेत कार्यकारी समिति के अन्य कई सदस्यों ने नाराजगी जताई। सदस्यों ने बैठक की तारीख 1 नवंबर (देवउठनी एकादशी) पर सभी के व्यस्त होने का हवाला देकर भी बैठक का विरोध किया।

इस दौरान डिप्टी मेयर के अलावा शील धाबाई, अभय पुरोहित, अर्चना शर्मा, हरीश शर्मा, रश्मि सैनी समेत कुल



10 सदस्यों ने बैठक के बीच एक लिखित ज्ञापन मेयर को भिजवाया और बैठक के बुलाने का विरोध जताते हुए 6 अथवा 7 नवंबर को बैठक बुलाने और 7 दिन पूर्व का नोटिस जारी करने की मांग रखी। इसे लेकर अभय पुरोहित बैठक में आए और मेयर को ज्ञापन देकर चले गए। लेकिन मेयर ने इसे नजरअंदाज करते हुए कोरम को पूरा होने का इंतजार किया।

## 4 बजे से बैठक, 6 बजे कोरम पूरा

तय समय पर ईसी के करीब 7-8 सदस्य और अधिकारी ईसी हॉल में शाम 4 बजे पहुंच गए। करीब 15 मिनट के अंतराल में मेयर भी पहुंची, लेकिन तब भी कोरम (19 सदस्यों की जरूरत) पूरा नहीं हुआ। इस दौरान मेयर ने वहां मौजूद पार्षदों से अपने-अपने क्षेत्र की सदस्याओं को रखने और उन पर चर्चा शुरू करवा दी। करीब एक घंटे बाद यानी 5 बजे तक कुल 14 ही सदस्य बैठक में हुए तो मेयर ने एक घंटे और इंतजार करने के लिए बैठक को होल्ड करवा दिया। शाम करीब 6 बजे बैठक में 5 अन्य सदस्य जब पहुंचे तो कोरम पूरा हुआ और बैठक शुरू हुई। इसके बाद एक-एक करके प्रस्ताव पढ़े गए और उन्हें बिना चर्चा किए पास करते हुए 30 मिनट में बैठक को खत्म कर दिया। इस बैठक में 70 प्रस्तावों का एजेंडा रखा गया। इसमें से 40 प्रस्ताव तो पार्क, सड़क, चौराहों के नामकरण के रखे गए।

---

**11 राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं में पहला स्थान हासिल कर लहराया परचम**

# राष्ट्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में शीर्ष राज्यों में आया राजस्थान

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने सुशासन, जनकल्याण और परिणाम आधारित कार्यसंस्कृति के नए मानक स्थापित किए हैं। राज्य सरकार के विशेष प्रयासों से जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं के धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्रदेश वर्ष 2024-25 के दौरान 11 राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं में पहला स्थान प्राप्त कर देश के शीर्ष राज्यों में शामिल रहा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन में राजस्थान पूरे देश में शीर्ष स्थान पर रहा। 'योगा संगम पोर्टल' के अनुसार राज्य भारत में प्रथम स्थान पर रहा। वहीं, अंगदान को बढ़ावा देने तथा अंग व प्रत्यारोपण में उभरते हुए राज्य के रूप में राज्य को प्रथम स्थान के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है।



### लॉजिस्टिक इकोसिस्टम में अग्रणी

केन्द्र सरकार द्वारा लॉजिस्टिक इकोसिस्टम को मजबूत करने एवं लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार के लिए जारी किए जाने वाली लीड्स रिपोर्ट में राजस्थान को बेस्ट परफॉर्मर 2024 के अवार्ड से नवाजा गया। वहीं, जनजाति कल्याण, सशक्तिकरण एवं समावेशी विकास के क्षेत्र में बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के रूप में सम्मानित किया गया।

### कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति

सितम्बर 2025 में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जारी रैंकिंग में पहले स्थान के साथ ही पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश शीर्ष पर रहा है। इसी तरह, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ 2025) के तहत 2.18 करोड़ पॉलिसियां जारी कर राजस्थान देश में प्रथम है। कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की संवाहक बन रही फार्मर रजिस्ट्री योजना में पीएम किसान लाभार्थियों की आईडी बनाने में प्रतिशत के आधार पर राजस्थान ने वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त की। स्वच्छ भारत मिशन (ग्राम्य) के 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025' के अंतर्गत स्वच्छता लक्षित इकाइयों को रूपांतरित करने में राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान ने प्रथम स्थान पर है। साथ ही, अक्षय एवं सौर ऊर्जा क्षमता स्थापना में राजस्थान पीएम कुसुम योजना कंपोनेंट-ए में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पर रहा है। वर्ष 2024 के लिए पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित फिट इंडिया फ्रीडम रन एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा में राजस्थान देशभर में प्रथम स्थान पर रहा। फिट इंडिया फ्रीडम रन में देश में आयोजित 10 हजार 443 कार्यक्रमों में से 6 हजार 202 कार्यक्रम आयोजित कर राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर रहा। वहीं, विकसित भारत संकल्प यात्रा में राज्य ने 11 हजार 209 कैंपों के आयोजन एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत 5.94 लाख गैस कनेक्शन जारी करके देश में प्रथम स्थान हासिल किया।

### एक जिला-एक उत्पाद कार्यक्रम में ब्रॉन्ज मेडल

प्रदेश ने पीएम-कुसुम योजना के कंपोनेंट-बी एवं कंपोनेंट-सी एफएलएस के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान पर है। वहीं, वर्ष 2024 के लिए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के अंतर्गत टीबी मुक्त पंचायतें घोषित करने एवं अभियान के दौरान 100 दिवसीय कैम्पेन में एसीएसएम गतिविधियों के लिए देश में तृतीय स्थान पर रहा। इसके अलावा तंबाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के अंतर्गत बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट एवं नेशनल प्रोग्राम फोर पेलिएटिव केयर में उत्कृष्ट योगदान के लिए तृतीय स्थान पर है। साथ ही आयुष्मान भारत क्लेम सेटलमेंट एवं हॉस्पिटल एम्पैनलमेंट में देशभर में तीसरे स्थान पर रहा।

---

# गहलोत बोले, सीएम बिना कल की चिंता ऑथोरिटी से करें राज

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सीएम भजनलाल शर्मा को कल की चिंता किए बिना पूरी ऑथोरिटी से राज करने की सलाह दी है। गहलोत ने कहा कि पहली बार एमएलए बने और मुख्यमंत्री बन गए तो उनको तो पूरी ऑथोरिटी के साथ राज करना चाहिए। कल की चिंता नहीं करनी चाहिए, तब वह कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि भजनलाल पंडित हैं। वे कल की चिंता करते हैं। हम उनको कहते हैं, आप कल की चिंता मत करो। जमकर राज करो और ऑथोरिटी से राज करो तो राजस्थान का भला होगा। आप सुशासन दे पाओगे। गुड गवर्नेंस



दे पाओगे तो जनता का भला होगा कि नहीं होगा। गहलोत शनिवार को जयपुर आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग की ड्यूटी है कि कोई शिकायत करे तो उसकी जांच करे। शिकायत झूठी हो या सच्ची हो, क्या पता पहले? आपकी ड्यूटी है कि निष्पक्ष जांच करवाएं। बस हड़ताल पर अशोक गहलोत ने कहा कि सरकार को चाहिए कि इन्हें बुलाकर बात करे, उनसे समझाइश करें। डेमोक्रेसी में यही होता है। हमारे समय भी यह प्रॉब्लम आई थी तो बैठकर बातचीत की थी। हल निकाला और ऐसी स्ट्राइक करने की नौबत ही नहीं आई।

# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' हमारी पहचान, इसे बनाए रखना है

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

राजभवन में 1 नवंबर को गठित होने वाले 8 राज्यों आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब और तमिलनाडु तथा 5 केंद्र शासित प्रदेशों अंडमान और निकोबार द्वीप, चंडीगढ़, दिल्ली, लक्षद्वीप और पुडुचेरी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 31 अक्टूबर को गठित होने वाले केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर और लद्दाख का स्थापना दिवस भी मनाया गया। राज्यपाल ने इस अवसर इन राज्यों के राजस्थान में निवास करने वाले लोगों को बधाई और शुभकामना दी। उन्होंने राज्यों के इतिहास और संस्कृति की चर्चा




करते हुए कहा कि राज्य स्थापना दिवस देश की सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं का आलोक है। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता से जुड़े हमारे राज्य एक भारत श्रेष्ठ भारत का साकार रूप है।

राज्यपाल ने इस दौरान विभिन्न राज्यों के निवासियों से संवाद भी किया और कहा कि हरेक राज्य अपनी सांस्कृतिक और भौगोलिक विशेषता में भारत की निधि है। विभिन्न राज्यों के निवासियों ने राज्यपाल का आभार जताते हुए अभिनंदन किया। राज्यपाल ने राज्यों के निवासियों को राजस्थान के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

---

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने किया अपनी जीत का दावा, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा पर कसा तंज**

# कांग्रेस नेताओं पर जमकर बरसे मदन राठौड़

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने अंता विधानसभा उपचुनाव में जीत का दावा किया। उन्होंने कहा-'सामने कौन है। हमें इसकी कोई चिंता नहीं है। हमारे संगठन की बूथ लेवल तक की व्यवस्था है। जानकारी के अनुसार अंता में उपचुनाव के लिए 11 नवंबर को वोटिंग होगी। इसे लेकर सभी पार्टियां पूरा जोर लगा रही हैं। इसी कड़ी में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और झालावाड़-बारां सांसद दुष्यंत सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। साथ ही कांग्रेस नेताओं पर भी जमकर निशाना साधा।

डोटासरा के टेंपो लायक विधायक बचने वाले बयान पर मदन राठौड़ ने कहा कि वे ये बात भूल जाते हैं कि जब वे शिक्षा मंत्री थे, इस दौरान जब मुख्यमंत्री गहलोत साहब के रहते हुए शिक्षकों से पूछा कि क्या ट्रांसफर में पैसे लिए जा रहे हैं। इस पर शिक्षकों ने खड़े होकर कहा कि पैसे लिए जा रहे हैं। अगर डोटासरा जी बोल दें कि फिर से बीजेपी की सरकार बनेगी तो उनकी दुकान आज ही खाली हो जाए। इसलिए वे तो कहेंगे कि टेंपो में बैठने लायक लोग आएंगे। अंता से मंत्री बनाने के सवाल पर राठौड़ ने कहा-भविष्य में किसके भाग्य में क्या लिखा है। मेरे भाग्य में भी क्या लिखा था कह नहीं सकता। अचानक राज्यसभा में भेज दिया। अचानक प्रदेशाध्यक्ष भी बना दिया। किसके भाग्य में क्या लिखा है, क्या पता। इस दौरान सांसद दुष्यंत सिंह ने भी क्षेत्र में बीजेपी सरकार द्वारा किए गए कामों के बारे में बताया। साथ ही अंता से बीजेपी की जीता का दावा किया।



### राज्य सरकार की गिनाई उपलब्धियां

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मदन राठौड़ ने जीत का दावा करते हुए कहा, हमारे सामने कौन है, हमें इसकी बिल्कुल चिंता नहीं है। हमने संगठन की सुदृढ यानि बूथ लेवल तक व्यवस्था की है। हमारा संगठन एकमुखी है। पन्न प्रमुख की हमारे यहां नियुक्तियां हैं। सामने कौन आता है, हमे उसकी चिंता नहीं है। हम ये चुनाव जीत रहे हैं। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को लेकर मदन राठौड़ ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री नियमित मीटिंग ले रहीं हैं। उनके बिना तो हमारा काम चलता ही नहीं है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी यहां जल्दी आएंगे। वहीं सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का 18 महीने का कार्यकाल जनसेवा, सुशासन और विकास का स्वर्णिम अध्याय साबित हुआ है। भाजपा सरकार ने गरीब, किसान, महिला और युवा हर वर्ग के कल्याण के लिए अभूतपूर्व निर्णय लिए हैं।

---

## ब्रीफ खबरें

### मंत्री किरोड़ी की सरकारी गाड़ी से टकराया बाइक सवार, एक घायल




**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की सरकारी गाड़ी शनिवार को टोंक जिले में हादसे का शिकार हो गई। किरोड़ी लाल की गाड़ी से टकराने पर बाइक सवार एक युवक घायल हो गया है, जिसको इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. फिलहाल घायल युवक सकुशल बताया जा रहा है, जबकि बाबा की सरकारी गाड़ी का आगे शीशा टूटा गया है। जानकारी के मुताबिक, कैबिनेट मंत्री के गाड़ी से बाइक सवार की टक्कर की घटना टोंक जिले के दतवास थाना क्षेत्र के करेड़ा मोड़ है। किरोड़ी लाल जयपुर से लालसोट में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान करेड़ा गांव के पास हाईवे पर एक मोटरसाइकिल सवार बिना इधर-उधर देखे तेज गति में रोड क्रॉस करने लगा। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक उछल कर मंत्री किरोड़ी लाल की गाड़ी पर जा गिरा और इसके बाद करीब 20 फीट आगे जाकर गिर गया। इस हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया, जिसे तुरंत इलाज के लिए लालसोट अस्पताल ले जाया गया। घायल युवक बाबूलाल निवासी दयालपुर का बताया जा रहा है। युवक की बाइक भी हल्की टूट गई, जबकि कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की सरकारी गाड़ी का आगे का शीशा टूटा गया।

### पीएम-कुसुम में एक ही दिन में पांच सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित



**जयपुर।** पीएम-कुसुम योजना के कम्पोनेंट-सी के अन्तर्गत जयपुर डिस्कॉम में शुक्रवार को एक ही दिन में 5 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए। कुल 9.28 मेगावाट क्षमता के इन विकेन्द्रित लघु सौर ऊर्जा संयंत्रों के माध्यम से संबंधित 33/11 केवी सब स्टेशन क्षेत्रों में आने वाले 1314 कृषि उपभोक्ताओं को दिन में बिजली मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि कुसुम योजना के कम्पानेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी में जयपुर डिस्कॉम में अब तक कुल 237 मेगावाट क्षमता के 121 प्लांट कार्यशील किए जा चुके हैं। जिनसे 24,208 किसानों को कृषि कार्य के लिए दिन में बिजली मिल रही है। सुनेल (झालावाड़) में 4.06 मेगावाट, पीपलू (टोंक) में 0.83 मेगावाट, ब्रह्मबाद (भरतपुर) में 2.29 मेगावाट, राडावास (जयपुर जिला सर्किल उत्तर) में 1.25 मेगावाट तथा देवली (टोंक) में 0.85 मेगावाट। वहीं प्रदेश के जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण निगमों में कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी में अब तक कुल 2170 मेगावाट क्षमता के 1018 सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। जिनसे 1 लाख 33 हजार से अधिक किसानों को दिन में बिजली देना संभव हो रहा है। इनमें तीन-चौथाई से भी अधिक 780 संयंत्र तो अकेले जोधपुर डिस्कॉम में स्थापित हुए हैं। जिनकी क्षमता 1766 मेगावाट है। इसी प्रकार अजमेर डिस्कॉम में 168 मेगावाट के 117 संयंत्र कार्यशील किए जा चुके हैं।

### 'सहकार सदस्यता अभियान' से मजबूत हुआ सहकारिता का नेटवर्क

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को साकार करने में देश के अग्रणी राज्यों में शुमार है। राज्य में सहकारिता का नेटवर्क जमीनी स्तर तक मजबूत कर आमजन को अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित करने के निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अक्टूबर माह में आयोजित किया गया 'सहकार सदस्यता अभियान' राज्य में सहकार आंदोलन को नई ऊंचाइयां देने की दिशा में अहम कड़ी साबित हुआ है। 'सहकार सदस्यता अभियान' की अवधि पूर्व में 2 से 15 अक्टूबर तक निर्धारित की गई थी, जिसे आशाजनक परिणामों के फलस्वरूप बाद में 22 अक्टूबर तक बढ़ाया गया। अभियान के अंतर्गत लगभग 8,500 पैक्स के स्तर पर शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से 5 प्रकार की गतिविधियां आयोजित कर उनमें आशानुरूप परिणाम प्राप्त किये गए। युवाओं एवं महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में सहकारिता से जोड़ना अभियान के अंतर्गत सबसे प्रमुख गतिविधि थी। इस दिशा में बेहतरीन कार्य करते हुए अभियान की अवधि में सहकारी समितियों के 8.90 लाख से अधिक नए सदस्य बनाए गए। यह लक्ष्य 7.34 लाख की तुलना में 21.25% अधिक है।

RAJASTHAN
FAIR REPORT 03


ब्रीफ खबरें

## अपना घर आश्रम में 10 साल बाद मां-बेटे का हुआ भावुक मिलन



**भरतपुर।** भरतपुर के अपना घर आश्रम में शनिवार का दिन भावनाओं से भरा रहा। इस दिन मां-बेटे का 10 साल बाद मिलन हुआ तो दोनों ऐसे मिले, जैसे दुनिया की खुशी मिल गई हो और दोनों की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। यह नजारा देख आश्रम में माहौल खुशनुमा हो गया और मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। अपनाघर आश्रम संस्था के सचिव बसंतलाल गुप्ता ने बताया कि असम के जोरहट जिले की रूपाबेन उर्फ जमुना (प्रभुजी) मानसिक रूप से बीमार होने के कारण वर्ष 2015 में बिना बताए घर से निकल गई थीं। परिवार ने हर जगह तलाश की, परंतु उसका कोई अता-पता नहीं चला। प्रभुजी जमुना को 13 दिसम्बर, 2018 को सूरत से भरतपुर के अपना घर आश्रम में भर्ती कराया था। असम से जयंत नायक और सूरज तांती शनिवार को भरतपुर पहुंचे। जैसे ही मां-बेटे का आमना-सामना हुआ, दोनों एक-दूसरे को देखकर खुशी से झूम उठे। आश्रम की पुनर्वास टीम ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रूपाबेन उर्फ जमुना को उनके पुत्र जयंत नायक व परिवार के सुपुर्द कर दिया। मां-बेटे के इस मिलन ने एक बार फिर यह साबित किया कि अपना घर आश्रम वास्तव में उन असहाय के लिए परम ठिकाना है, जिन्हें समाज ने भुला दिया था। जयंत ने बताया कि जब मां घर से गई थीं, तब मेरी उम्र 12 साल थी।

## एमडी ड्रग फैक्ट्री नेटवर्क का मुख्य सप्लायर रोहन गिरफ्तार




**बाड़मेर।** अवैध ड्रग तस्करी के अंतरराज्यीय नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में बाड़मेर पुलिस ने एक और बड़ा झटका दिया। महाराष्ट्र के रायपुर और प्रतापगढ़ बाड़मेर से जुड़े एमडी ड्रग बनाने के लिए घातक केमिकल्स सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी रोहन प्रभाकर गवंस को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। दरअसल, 22 जुलाई 2025 को सेड़वा थाना क्षेत्र के ढोलकिया में बाड़मेर पुलिस ने अवैध एमडी ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। इस कार्रवाई में 40 लाख रुपए की सामग्री जब्त हुई थी, जबकि फैक्ट्री से 100 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग तैयार करने की साजिश का खुलासा हुआ। जांच में पता चला कि आरोपी रोहन प्रभाकर महाराष्ट्र के महाड़ इलाके से केमिकल घटक सप्लाई करता था, जो प्रतापगढ़, रायपुर महाराष्ट्र की फैक्टरियों में इस्तेमाल होते थे। बाड़मेर पुलिस की विशेष टीम ने मुंबई जाकर उसे धर दबोचा और पूछताछ के लिए बाड़मेर लाई है।

## हनी ट्रैप और ट्रैक्टर चोरी गैंग का भंडाफोड़, लोगों से ठगे लाखों रुपए



**झालावाड़।** यहां एक बड़ा अपराधी गिरोह पकड़ा गया है जो लोगों को फंसाकर लाखों रुपये ऐंठ रहा था। पुलिस ने हनी ट्रैप के जाल में फंसाने वाले इस गिरोह की एक और महिला सदस्य को हिरासत में ले लिया है। यह गिरोह न सिर्फ ठगी करता था बल्कि ट्रैक्टर चोरी जैसे अपराधों से भी जुड़ा हुआ था। अब तक 18 लोग पकड़े जा चुके हैं और पुलिस बाकी फरारों की तलाश में लगी हुई है। इस खुलासे से इलाके में सनसनी फैल गई है। यह गिरोह महीनों से सक्रिय था। सदस्य लोग निर्दोषों को निशाना बनाते थे। वे महिलाओं की मदद से पुरुषों को फंसाते फिर झूठे केस की धमकी देकर पैसे मांगते। हाल ही में पकड़ी गई महिला ज्योति उर्फ जान्हवी हिस्ट्रीशीटर हेमराज सुमन की करीबी साथी है। दो तीन महीने पहले इस गैंग ने एक शख्स को निशाना बनाया। पहले तो उसे फंसाया गया फिर बलात्कार जैसे झूठे इल्जाम लगाने की धमकी दी गई। झालावाड़ पुलिस ने इस मामले में तेजी दिखाई। पहले ट्रैक्टर चोरी के सुराग मिले फिर हनी ट्रैप की परतें खुलीं। एसपी अमित कुमार ने बताया कि टीम ने ज्योति को चालाकी से दबोचा। अब तक गिरोह के 18 सदस्यों को सलाखों के पीछे डाला जा चुका है जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। पकड़े गए लोगों के पास से चार लग्जरी कारें और एक ट्रैक्टर बरामद हो चुका है। ये वाहन ठगी के पैसे से खरीदे गए थे।

## मां और बेटे पर लेपर्ड का हमला, ग्रामीण आए तो कमरे में जा बैठा



**उदयपुर।** जिले के कुराबड़ क्षेत्र में शनिवार सुबह हड़कंप मच गया, जब लेपर्ड अचानक एक घर में घुस गया। उसने घर में महिला और उसके तीन साल के बेटे पर हमला कर दिया। गनीमत रही कि ग्रामीणों ने लेपर्ड को एक कमरे में बंद कर दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। वहीं घायल मां-बेटे को कुराबड़ सीएचसी में भर्ती कराया, जहां दोनों की हालत सामान्य है। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने लेपर्ड को सुरक्षित पकड़ लिया। क्षेत्रीय वन अधिकारी रामनारायण डांगी ने बताया कि घटना बेमला पंचायत के आड़ी तलाई क्षेत्र की है। सुबह करीब 11:30 बजे बद्रीलाल मीणा के घर में लेपर्ड घुस आया। तब बद्रीलाल की पत्नी मंजू बाई (25) और बेटा रोहित आंगन में खेल रहे थे। लेपर्ड ने झपट्टा मार दोनों को गिरा दिया। दोनों घायल हो गए। महिला के शोर मचाने पर लेपर्ड कमरे में जा घुसा। वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने कमरे का गेट बाहर से बंद कर दिया। क्षेत्रीय वन अधिकारी डांगी ने बताया कि करीब तीन घंटे लेपर्ड कमरे में बंद रहा।

**17 किमी तक लहराए केसरिया निशान, बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे खाटूधाम, 24 घंटे होंगे दर्शन**

# बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

FAIR REPORT
सीकर

विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर शनिवार को दो दिवसीय मेले का आयोजन शुरू हुआ। देशभर से लाखों श्रद्धालु श्याम नाम के जयघोष करते हुए खाटू धाम पहुंचे। रींगस से लेकर खाटू धाम तक करीब 17 किलोमीटर का मार्ग सिर्फ और सिर्फ श्याम भक्तों से पटा हुआ है। हर तरफ ढोल-नगाड़ों की गूंज, भजन कीर्तन और जयकारों के साथ पूरा कस्बा भक्तिमय हो उठा है। रात 12 बजे बाबा श्याम का भव्य उत्सव मनाया गया। मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। दीवारों और गर्भगृह को फूलों से सजाया गया है, वहीं मंदिर के बाहर रोशनी और झांकियों से से अटा पड़ा है। 31 अक्टूबर को जैसे ही रात ढली, भक्तों ने आतिशबाजी के साथ बाबा श्याम के जयघोष किए तो पूरा आसमान रोशनी से जगमगा उठा। हालांकि आतिशबाजी के दौरान प्रदूषण स्तर में भी भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने खाटू धाम को पूरी तरह नो-व्हीकल ज़ोन घोषित किया है। वीआईपी दर्शन पूरी तरह बंद कर दिए गए ताकि आम श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, लगभग 2600 सुरक्षाकर्मी मेले में तैनात हैं।



### 3 दिन में आएंगे 15 लाख भक्त

रींगस से खाटू धाम तक 17 किलोमीटर लंबा मार्ग पैदल यात्रियों से भरा हुआ है। प्रशासन ने इस पूरे रूट को डायवर्जन के जरिए सुरक्षित बनाया है। पदयात्री मेला डायवर्जन, पुराना पावर हाउस, लामियां तिराहा और लखदातार ग्राउंड होते हुए बाबा श्याम के दरबार तक पहुंच रहे हैं। भीड़ बढ़ने पर चारण मैदान तक नया मार्ग खोला गया है, जिससे कुछ श्रद्धालुओं को करीब 15 किलोमीटर तक पैदल चलकर दर्शन करना पड़ रहा है। इसके अलावा, भीड़ के बीच सफाई, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। लगभग 250 सफाईकर्मी दिन-रात सफाई में जुटे हैं। मंदिर समिति और नगरपालिका ने हर प्रतिष्ठान के बाहर वॉशरूम की सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने अनुमान लगाया है कि तीन दिनों में 15 लाख से ज्यादा भक्त बाबा के दर्शन करेंगे। मंदिर 24 घंटे खुले रहेंगे।

**अलवर में थार का कहर, कार को मारी टक्कर-खुशियां मातम में बदलीं**

# एक परिवार के 3 लोगों की मौत, दो की हालत गंभीर

FAIR REPORT
अलवर

यहां सदर थाना क्षेत्र के छठी मील के पास शनिवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। शादी समारोह से घर लौट रहा एक परिवार थार गाड़ी की टक्कर का शिकार हो गया। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार परिवार शादी समारोह से लौट रहा था। इसी दौरान छठी मील के पास तेज रफ्तार थार गाड़ी ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महेंद्र, 8 वर्षीय पायल और 3 वर्षीय पूर्वांश की मौत हो गई। वहीं 33 वर्षीय गुड्डी और 10 वर्षीय खुशबू गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें जिला अस्पताल से जयपुर रेफर कर दिया गया। यह सभी लोग नांगल झीडा के रहने वाले थे।



**पुलिस ने किया वाहन को जब्त**

घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। एएसआई बंसीलाल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तीन लोगों की मौत हो चुकी थी, जबकि दो को गंभीर हालत में जयपुर भेजा गया है। पुलिस ने थार वाहन को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक फरार है।

### गरीब रथ के कोच के नीचे लगी आग

**अलवर।** यहां तिजारा फाटक के पास दिल्ली से जयपुर की ओर जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन के एक कोच के नीचे करीब 11.45 बजे अचानक आग लग गई। कोच से धुआं उठता देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन झटके के साथ रुक गई। इसके बाद यात्री घबराकर नीचे उतर गए। सूचना मिलते ही ट्रेन कर्मचारी और इलेक्ट्रिशियन मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि कोच के ब्रेक चिपक गए, जिससे नीचे आग लग गई। ट्रेन में लगे फायर सिस्टम से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। कर्मचारियों ने करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद कोच के ब्रेक सही किए। इस दौरान ट्रेन करीब एक घंटे तक खड़ी रही। आग पर नियंत्रण के बाद यात्रियों को फिर से ट्रेन में बैठाया गया।

### बेटी की करंट से मौत, घटना से अनजान पिता उसे ढूंढता रहा



**धौलपुर।** जिले के कंचनपुर कस्बे में शुक्रवार शाम एक बेहद दुखद और झकझोर देने वाली घटना सामने आई। महज 8 साल की एक बच्ची अर्पिता की बिजली के करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। विडंबना यह रही कि जब यह हादसा हुआ, तब बच्ची के पिता सुकेश उसे आस-पास की गलियों में ढूंढ रहे थे। उन्हें अपनी बेटी की मौत की खबर पुलिस के माध्यम से, करीब दो घंटे बाद मिली। मिली जानकारी के अनुसार अर्पिता टहलते हुए अस्पताल की ओर से अपने घर जा रही थी। सड़क किनारे लगे एक बिजली के खंभे से वह अनजाने में टकरा गई। बताया जा रहा है कि पोल में बिजली का करंट दौड़ हो रहा था, जिसकी चपेट में आते ही बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। घटना इतनी अचानक हुई कि आस-पास के लोगों को भी तुरंत इसकी जानकारी नहीं मिल पाई।

## इटावा में वैन हादसे में दो छात्राओं की मौत, फिर ट्रक ने ली दंपती की जान

FAIR REPORT
कोटा

जिले के इटावा क्षेत्र में शनिवार को चार घंटे में दो हादसे हो गए, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। पहले हादसे में स्कूली वैन और एसयूवी की टक्कर में दो छात्राओं की मौत हो गई, जबकि दूसरे हादसे में बाइक सवार दंपती की ट्रक से टक्कर होने से मौत हो गई। स्कूल वैन हादसे के सात घायलों को कोटा लाया गया है, जिसमें एक वैन ड्राइवर भी है। इस बीच, शिक्षा एवं पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर एमबीएस और जेके लोन अस्पताल पहुंचे और घायलों व परिजनों से मिले। साथ ही चिकित्सकों को बेहतर इलाज का निर्देश दिया। पुलिस उपाधीक्षक शिवम जोशी



ने बताया कि शनिवार सुबह सवा सात बजे गैंता और इटावा के बीच निजी स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही वैन बूंदी की ओर आ रही एसयूवी से टकरा गई। इससे दोनों वाहन पलट गए। इस हादसे में 15 वर्षीय तनु धाकड़ और 8 वर्षीय पारुल आर्य की मौत हो गई। तनु दसवीं और पारुल चौथी की छात्रा थी। हादसे के बाद एसयूवी चालक फरार हो गया। थानाधिकारी संदीप बिश्नोई ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। दुर्घटना के बाद अस्पताल में मृतक छात्राओं के परिजनों की चीख पुकार मच गई। हादसे की जानकारी मिलने पर आसपास के ग्रामीण भी अस्पताल पहुंचे।

**भाजपा ने बनाई व्यापक कार्ययोजना**

## सांसद सी.पी. जोशी के जन्मदिवस पर जिलेभर में होंगे सेवा कार्य

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांसद सी.पी. जोशी के जन्मदिवस 4 नवम्बर को जिलेभर में "सेवा दिवस" के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों तक सहायता पहुँचाना रहेगा। इस संबंध में आयोजित महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक में जिलेभर के पदाधिकारियों, मोर्चों और प्रकोष्ठों ने भाग लिया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री रघु शर्मा ने किया। बैठक में तय किया गया कि सेवा दिवस के तहत जिले के सभी मंडलों में विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाएंगे, जिनमें महिला मोर्चा, युवा मोर्चा व अन्य मोर्चों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने कहा कि सांसद सी.पी. जोशी के जन्मदिवस को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाना पार्टी की "सेवा ही संगठन" की भावना को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि सेवा दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा का संकल्प है, जिसे प्रत्येक कार्यकर्ता निभाएगा।

जिला महामंत्री हर्षवर्धन सिंह रूद ने बताया कि जिलेभर में टीम भावना के साथ सेवा दिवस को सफल बनाया जाएगा। सेवा कार्यों में सुकन्या समृद्धि सुरक्षा अभियान के तहत 12 वर्ष तक की बालिकाओं के नाम से खाता/बीमा पंजीयन किया जाएगा, सांवलियाजी चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण, तथा जिलेभर की गौशालाओं में गौसेवा के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

बैठक में कैलाश मंत्री, सुशीला जीनगर, चन्द्रशेखर शर्मा, अशोक रायका, देशराज गुर्जर, काली बाई मीणा, गोवर्धन जाट, नन्दकिशोर लौहार, लोकेश त्रिपाठी, प्रहलाद टेलर, दीपक शर्मा, संजू लड्ढा, कमलेंद्र सिंह हाड़ा, देवी सिंह राणावत, नितिन चतुर्वेदी, प्रमोद बरेगामा, कुलदीप चतुर्वेदी, आशीष शर्मा, सागर सोनी, शंभू लाल गाडरी, सत्यनारायण कुमावत, सुनील जैन, तुलसीराम शर्मा, विदुषी बिल्लू, शंकर लाल कुमावत, रामगोपाल ओझा, ज्योतिष पुरोहित, घीसालाल मेवाड़ा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**केली ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का सफल आयोजन**

# आमजन को मिली राहत, मौके पर हुए कई प्रकरणों का निस्तारण

FAIR REPORT

**निम्बाहेड़ा-** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को ग्राम पंचायत केली में ग्रामीण सेवा शिविर-2025 का भव्य आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन राजीव गांधी सेवा केन्द्र, केली पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाया। शिविर के मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान बगदीराम धाकड़ ने की। शिविर की कार्यवाही शिविर प्रभारी विकास पंचोली (उपखण्ड अधिकारी, निम्बाहेड़ा) तथा सहायक शिविर प्रभारी घनश्याम जरवार (तहसीलदार, निम्बाहेड़ा) के निर्देशन में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुई। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विभागों की योजनाओं की जानकारी देने हेतु बैनर, पोस्टर व सूचना सामग्री प्रदर्शित की गई। साथ ही पात्र लाभार्थियों को मौके पर योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।

### शिविर में हुए प्रमुख कार्य

शिविर के दौरान ग्रामीणों को स्वामित्व पट्टे वितरित किए गए तथा नामांतरण, खाता शुद्धि और आपसी सहमति से विभाजन के प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। चिकित्सा विभाग की ओर से ग्रामीणों के शुगर एवं बीपी जांच शिविर का आयोजन किया गया। वहीं ब्लॉक स्तरीय विभागों ने आमजन की समस्याओं का तत्काल समाधान कर संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया।

**जनप्रतिनिधियों की रही विशेष सहभागिता :** शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही।

इस अवसर पर रामगोपाल झंवर, मनोज अग्रवाल, प्रहलाद उपाध्याय, दिनेश शर्मा, प्रहलाद पाटीदार, कंवरलाल कच्छावा, पंकज सेन, भंवर कच्छावा, सोनू झंवर, विजय कुमावत, चंपालाल कच्छावा, नारायण कच्छावा, रतनलाल भील, शंभूलाल भील, भंवरलाल भील, मुकेश कच्छावा, राजकुमार अग्रवाल, अतुल बैरागी, दशरथ प्रजापत, नेपा कच्छावा, तरुण तेली आदि सहित पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

शिविर के लाभार्थियों ने राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं व राहत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से आमजन की समस्याओं का निस्तारण गांव के स्तर पर ही संभव हो पा रहा है।


# Emotional Intelligence — The Silent Power Shaping Human Destiny



*Hemraj Tikam chand Tiwari*
Journalist
FAIR REPORT

**Jaipur:** In a world increasingly driven by technology, speed, and competition, the true measure of intelligence is quietly shifting from the mind to the heart. Emotional Intelligence, or EQ, once a subject of psychological study, has now emerged as the defining skill of human success, relationships, and leadership.

Unlike IQ, which measures logic and analytical ability, EQ reflects how we perceive, understand, and manage emotions — both our own and others'. It is the invisible force behind empathy, patience, resilience, and the ability




to connect beyond words. From the boardroom to the battlefield, from classrooms to homes, EQ has proven to be the unseen bridge between intelligence and humanity.

Leaders with high EQ inspire trust and loyalty. Individuals with high EQ handle pressure with grace and failures with learning. In contrast, those with low emotional awareness often find relationships collapsing, teams disengaged, and inner peace elusive.

Checking one's EQ isn't about taking a test; it's about self-reflection.

**Ask yourself:**

- Do I recognize my emotions as they arise?
- Can I name what I feel?
- Do I stay calm under stress?
- Do I empathize before I judge?
- Can I manage conflict without aggression?
- Do I listen more than I speak?
- Can I motivate myself without external push?
- Each honest answer reveals the state of your emotional landscape.

In the end, Emotional Intelligence is not a skill we learn once — it's a lifelong art of understanding, connecting, and evolving. As artificial intelligence grows smarter, perhaps the greatest revolution of our time will be in rediscovering what makes us deeply human: our emotions, and the wisdom to master them.

## Kharge, Sonia, Rahul lead Cong's star campaigners' list for 2nd phase of Bihar polls

**New Delhi :** The Congress on Sunday released the list of 40 star campaigners for the second phase of the Bihar Legislative Assembly elections, scheduled to be held on November 11. The list includes top national leaders and prominent state figures, signalling an all-out campaign push by the party to strengthen its presence in the state ahead of polling.

Leading the list is Congress President Mallikarjun Kharge, followed by Sonia Gandhi, Rahul Gandhi, and Priyanka Gandhi Vadra, who are expected to dominate the party's major rallies and public meetings across key constituencies.

Senior leaders such as Ashok Gehlot, Bhupesh Baghel, Digvijaya Singh, Adhir Ranjan Choudhary, and Sachin Pilot are also among the prominent campaigners who will spearhead outreach efforts in different regions.

Other notable figures in the list include K.C. Venugopal, Pawan Khera, Randeep Singh Surjewala, Imran Pratapgarhi, Sukhvinder Singh Sukhu, Tariq Anwar, Meira Kumar, Gaurav Gogoi, Ranjeet Ranjan, Jignesh Mevani, Syed Naseer Hussain, Rajesh Ranjan (Pappu Yadav), and Rajendra Pal Gautam. Several senior Bihar Congress leaders, such as Madan Mohan Jha, Shakeel Ahmad Khan, Sukhdeo Bhagat, Rajesh Kumar Ram, Akhilesh Prasad Singh, and Furqan Ansari, are also part of the list.

Rising leaders like Kanhaiya Kumar, Supriya Shrinate, Pramod Tiwari, Krishna Allavaru, Ajay Rai, and Anil Jaihind have been included to appeal to younger voters and strengthen the Congress campaign at the grassroots level. The inclusion of diverse leaders from across the country reflects the party's attempt to project unity and energy within the INDIA bloc ahead of the crucial second phase.

Senior Congress functionaries said the star campaigners will focus on issues such as employment, inflation, farmers' distress, and women's welfare, while also highlighting alleged governance failures under the NDA government. In the first phase of the Bihar Assembly polls, voting for several constituencies is scheduled on November 6, with the second phase to follow on November 11, and the counting of votes on November 14, according to the Election Commission of India.

## India's Pride: Para-Athlete Pooja Garg Selected for National Award 2025 — A Story of Courage, Resilience, and Triumph

FAIR REPORT

**New Delhi / Bhopal :** India celebrates the indomitable spirit of its daughter, Pooja Garg, an international para-athlete from Madhya Pradesh, who has been selected for the "National Award 2025" under the Best Individual with Locomotor Disability category by the Ministry of Social Justice and Empowerment, Government of India.

The award, to be conferred by the President of India in December 2025, recognizes not just her achievements in sports but also her extraordinary journey of determination, courage, and national pride.

Pooja's life is a story of grit against all odds. After a life-changing spinal cord injury in 2010 left her unable to walk, she endured 13 major surgeries and a long rehabilitation process. Yet, she refused to surrender. Even when faced with cancer, she fought back — and emerged victorious once again. Through sheer willpower, Pooja transformed her pain into purpose. Today, she stands as one of India's most respected international para canoe athletes, having won two bronze medals for India at the Asian Para Canoe Championship 2025 in Thailand.

In 2024, Pooja achieved another milestone when she rode a motorbike to Nathula Pass (14,400 ft, Sikkim) and unfurled the Indian tricolour — a feat recognized by the World Book of Records, London.

Beyond sports, Pooja is a social reformer and founder of "Pankhon Ki Udaan Charitable Foundation", conducting campaigns on good touch–bad touch awareness, self-defense, cancer education, and sports motivation across India — inspiring thousands of children and youth.

**Speaking on her selection, Pooja said,**

> "This award is not just mine — it belongs to everyone who refuses to give up. It's for every girl and every differently-abled person who dares to dream beyond limitations."

Pooja Garg's journey is more than a tale of personal victory — it is a reminder that real strength is not about what you can do, but about what you overcome.

## Haryana Day: Celebrating the Spirit of Courage, Growth, and Progress

FAIR REPORT

**Jaipur:** On the occasion of Haryana Day, heartfelt greetings poured in from across the nation as the state marked yet another year of remarkable growth, unity, and resilience. The day, celebrated on November 1, commemorates the formation of Haryana in 1966, when it was carved out of Punjab to become a separate state — one that has since stood as a model of agricultural excellence, military valor, and industrial advancement.

Extending his best wishes, a senior leader stated, "This historic land has always been a symbol of determination and pride. The relentless efforts of our farmers, the unparalleled bravery of our soldiers, and the extraordinary achievements of our youth have made Haryana an inspiration for the entire country."

From the green fields of Hisar and Karnal to the rapidly growing industrial hubs of Gurugram and Faridabad, Haryana has seamlessly blended tradition with modernity. The state's commitment to development is evident in its world-class infrastructure, expanding educational institutions, and progressive policies aimed at empowering women, promoting sports, and advancing technology. Haryana's athletes have consistently brought glory to the nation on international platforms, while its agrarian base continues to feed millions across India. The government's focus on digital governance, renewable energy, and sustainable farming has positioned the state among the nation's frontrunners in innovation and growth.

As the people of Haryana celebrate their foundation day, the message of hope and progress resonates across communities — a tribute to the indomitable spirit of a state that continues to rise with pride, power, and purpose.

## Trans-Himalayan regions in Himachal home to 83 snow leopards: Study

FAIR REPORT

**Shimla**: The trans-Himalayan ecosystem in Himachal is home to wide-roaming 83 snow leopards, an iconic species often referred to as the "Ghost of the Mountain", a major rise from 51 as per the previous assessment in 2021. The second round of snow leopard population assessment, conducted by the state Wildlife Wing in collaboration with the Nature Conservation Foundation from 2024-25 in 26,000 sq km of the snow leopard habitat dotted across rugged mountains and precipitous valleys with limited accessibility during winter, indicates its density ranged from 0.16 to 0.53 individuals per 100 sq km. The trans-Himalayan regions of the upper Spiti landscape and Pin, both in the Lahaul-Spiti district, recorded the highest densities of snow leopards, with the region of Kinnaur and Tabo being the regions with high densities. Lahaul-Pangi and the Great Himalayan National Park (GHNP), a UNESCO World Heritage Site, were regions with lower densities. The derived density of snow leopards across the state was 0.35 (0.23-0.53) individuals per 100 sq km with an estimated sigma of 5.2 (4.7-5.8) km. Besides Himachal, the snow leopard is also found across Jammu and Kashmir, Ladakh, Uttarakhand, Sikkim, and Arunachal Pradesh.

## Urban Company sees Rs 59.3 crore loss in Q2 due to investments in Insta Help

FAIR REPORT

**New Delhi:** Home services provider Urban Company on Saturday announced a net loss of Rs 59.3 crore in Q2FY26, a significant drop from a profit of Rs 6.9 crore in the previous quarter.

The loss was attributed to heavy upfront investments in its new daily-housekeeping vertical, Insta Help, which overshadowed strong revenue growth in its core services and products businesses, according to regulatory filings by the Gurugram-based firm.

The company posted a loss of Rs 1.82 crore in the July-September quarter last year, the company said.

While revenue from operations increased 37 per cent year-on-year to Rs 380 crore, the total expenses rose to Rs 462 crore from Rs 384 crore in Q1. This resulted in adjusted EBITDA turning negative at Rs 35 crore, compared with a profit of Rs 21 crore in Q1.

Insta Help reported an EBITDA loss of Rs 44 crore, and excluding this segment, Urban Company achieved an adjusted EBITDA profit of Rs 10 crore, accounting for 0.9 per cent of net transaction value (NTV), the company noted.

"Early indicators for Insta Help are encouraging, with strong consumer adoption and repeat usage," the company said in its shareholder letter. It added that it believed the segment holds "significant long-term opportunity and believes these investments are important to sustaining market leadership."

The company expects its adjusted EBITDA losses to continue in the near term due to further investments in the Insta Help vertical, despite its core India and international businesses remaining profitable and cash-generating. The company's smart home products vertical, Native, which sells water purifiers and electronic door locks, recorded revenue of Rs 75 crore, up 179 per cent YoY, while losses narrowed to 9 per cent of NTV from 30 per cent in the previous year.

The home services provider closed the quarter with Rs 2,136 crore in cash and equivalents, up from Rs 1,664 crore in the previous quarter, mainly due to proceeds from its recent IPO.

# President Murmu to address Uttarakhand Assembly on state's silver jubilee

FAIR REPORT



**New Delhi:** President Droupadi Murmu will visit Uttarakhand from November 2 to 4, during which she will address the state Assembly to mark the silver jubilee of the creation of the hill state, an official said on Saturday.

On November 2, the President will attend the second convocation ceremony of the University of Patanjali at Haridwar, the official said in a statement.

On November 3, the President will address the Uttarakhand Legislative Assembly at Dehradun on the silver jubilee of Uttarakhand state. On the same day, she will attend a function to commemorate the 125 years of the establishment of the Raj Bhavan, Nainital. On November 4, the President will visit the Neem Karoli Baba Ashram at Kainchi Dham. Before returning to New Delhi, the President will also chair the 20th convocation of Kumaun University at Nainital. Last month, Uttarakhand Chief Minister Pushkar Singh Dhami announced a special two-day Assembly session to celebrate 25 years of the creation of the hill state.

"This is our Silver Jubilee year. Over the past 25 years, our state has progressed through many ups and downs. Since its formation, there has been a long journey of development. To discuss this in the Assembly, a two-day special session has been decided, and the dates will be announced soon," he said.

Uttarakhand was created on November 9, 2000, as the 27th state of India, after being carved out of northern Uttar Pradesh. Initially named Uttaranchal, it was officially renamed Uttarakhand in 2007.

The decision to create the new hill state followed decades of sustained activism and protests by the hill people, who felt neglected by the government in Lucknow and sought a separate state to preserve their distinct cultural identity and address specific developmental challenges related to the mountainous terrain.

Earlier, CM Dhami reiterated the BJP-led state government's focus on youth and employment generation. "The youth and students of our state have always been our top priority. Over the past four years, our government has transparently provided more than 25,000 jobs," he said.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**